# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, 11 घायल, दो गंभीर

## अमरकंटक दर्शन कर लौट रहे ग्रामीणों ने बताया शराब के नशे में था चालक

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अमरकंटक से दर्शन कर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमे 13 लोग घायल हो गए। वाहन में 18 लोग सवार थे। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र ग्राम क्षीरापटपर की बताई गई हैं।

जानकारी अनुसार मंगलवार-बुधवार की रात्रि पिकअप वाहन में 18 लोग अमरकंटक से दर्शन कर लौट रहें थे तभी किररघाट के नीचे ग्राम क्षीरापटपर के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके बाद चीख-पुकार सुन कर ग्रमीण पहुंचे और अनूपपुर जिला चिकित्सालय में पहुंचाया जहां 13 घायलों का इलाज शुरू किया गया। जिसमे 2 की हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार हादसे में एक महिला



और 22 वर्षीय युवक अमन को शहडोल मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाहन में सवार सभी कोतमा विकाशखण्डर के ग्राम पंचायत कोठी के निवासी हैं। यात्रियों ने बताया कि पिकअप चालक शराब के नशे में धुत था। जिला चिकित्सालय में ड्यूटी डॉक्टर मोहम्मद ओजैर ने बताया कि अस्पताल में उपचार के लिए 11 लोग भर्ती हैं।

# नेत्र सहायक, चिकित्सा अधिकारी समेत तीन निलंबित

## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी का किया औचक निरीक्षण

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 6 नवम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एक्स-रे कक्ष, रक्त जांच कक्ष, नेत्र परीक्षण कक्ष, मरीज पंजीयन केंद्र, ब्लड कलेक्शन केंद्र सहित अन्य विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नेत्र सहायक सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश शर्मा एवं एक्स-रे टेक्नीशियन मुकेश कुमार सर्राटी की अनुपस्थिति पर जमकर नाराजगी जताते हुए सीएमएचओं डॉ. ए.बी. अवधिया अवधिया को तत्काल तीनों लोगो को निलंबित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सीएमएचओं से सामुदायिक स्वास्थ्य ने केंद्र जैतहरी में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लिस्ट का निरीक्षण किया तथा रोगी कल्याण समिति से बायोमेट्रिक मशीन



का क्रय कर बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सीएमएचओं डॉ. ए.बी. अवधिया, नपाधिकारी जैतहरी भूपेंद्र सिंह सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी का अमला उपस्थित रहा।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले, इसका विशेष ध्यान रखें। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रक्त जांच पंजी का भी निरीक्षण किया तथा मरीज को रक्त जांच सेंपल का रिपोर्ट समय पर उपलब्ध हो रहे हैं अथवा नहीं, के संबंध में भी दूरभाष से मरीजों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर ने 1 से 5 नवम्बर तक रक्त जांच कराने आए मरीजों के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिस पर बताया गया की 1 से 5 नवम्बर तक कुल 30 मरीज का रक्त जांच किया गया है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को एक्स-रे कक्ष का ताला बंद पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से ताला बंद के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि एक्स-रे कक्ष में जिसकी ड्यूटी लगाई गई है, वह तीन दिवस यहां तथा तीन दिवस पुष्पराजगढ़ में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित की लिखित ड्यूटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी में लगाने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल का भ्रमण कार्यक्रम



**अनूपपुर, देशबन्धु।** म.प्र. शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 6 नवम्बर की शाम 4.10 बजे ट्रेन द्वारा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल से अनूपपुर हेतु प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 2.25 बजे रेलवे स्टेशन अनूपपुर पहुंचेंगे। रात्रि 2.35 बजे अनूपपुर से बिजुरी हेतु प्रस्थान करेंगे एवं निज निवास बिजुरी में रात्रि विश्राम करेंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा।

### आयुष्मान कार्ड कैंप आयोजित



**अनूपपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 5 नवम्बर को नगर परिषद जैतहरी कार्यालय में बन रहे आयुष्मान कार्ड कैम्प का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने 70 वर्ष से ऊपर 509 लोगों के बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा नगर परिषद जैतहरी के अलग-अलग वार्डो में डोर टू डोर सर्वे कर सूची के अनुसार आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी को दिए।

### नपा पसान के तत्वावधान में छठ महापर्व की तैयारी जोरों पर



**अनूपपुर, देशबन्धु।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा की तैयारी नगर पालिका परिषद द्वारा जोरों से की जा रही है। नपाध्यक्ष पसान राम अवध सिंह तथा सीएमओं शशांक आर्मो द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर साफ-सफाई एवं सारी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया है। छठ महापर्व पर पूरा नपा द्वारा संपूर्ण व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है। नपाध्यक्ष राम अवध सिंह ने नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए केवई नदी घाट पर हाई मास्ट लाइट लगवाया गया है। छठ पूजा का आयोजन दो स्थानों पर किया जाता है जिनमें छठ तलाब जमुना कॉलरी तथा केवई नदी घाट कोतमा कालरी इन दोनों स्थानों पर साफञसफाई, टेंट तथा लाइट सहित अन्य व्यवस्था नपाध्यक्ष तथा सीएमओं द्वारा अपने देख रेख में कर रहे है। पसान नपाध्यक्ष रामअवध सिंह ने बताया कि छठ महापर्व की सारी व्यवस्था समय से पूर्व कर ली जावेगी तथा छठवती को कहीं कोई परेशानी ना हो इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है।

### छट घाटों की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जनप्रतिनिधि व अधिकारी



**कोतमा, देशबन्धु।** नगर पालिका कोतमा क्षेत्र में धूमधाम के साथ छठ का महापर्व मनाए जाने को लेकर नपाध्यक्ष कोतमा अजय सराफ, नपाधिकारी कोतमा प्रदीप झरिया ने वार्ड 4 एवं वार्ड 8 केवई नदी मार्ग में स्थित छठ घाटो मे चल रही तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। इनके साथ सभापति/पार्षद वा नपा के कर्मचारी एवं नागरिक सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष कोतमा ने कहा कि छठी मैया के उपासना के इस महापर्व की तैयारियों मे कोई कमी नही होगी। छठ का त्यौहार भक्तजनो के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण त्यौहार है, इसलिए छठ घाटो की साफ-सफाई, रंगाई- पोताई, सौंदर्यीकरण सहित जल स्त्रोतों से मलवा निकासी, डैम बंधान, पानी टंकियों की साफ- सफाई जैसे कार्यो पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था मे लगे सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है।

# अमगवां में जिला स्तरीय राजस्व कैम्प एवं जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि शासन के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले, अधिकारी यह सुनिश्चित करें, ग्राम पंचायत में जिला स्तरीय राजस्व कैंप एवं जन समस्या निवारण शिविर ग्रामीणों के जीवन के सकारात्मक परिवर्तन हेतु आयोजित किया जा रहा है। जिसमें केंद्र एवं राज्य शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को मिले ताकि शासन की मंशानुसार योजना के सिचुरेशन पर कार्य हो सके तथा ग्रामीणों की जो भी समस्याएं हैं, उनका आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया जा सके।

उन्होंने कहा कि शिविर में सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित है, ग्रामीण अपनी समस्या का आवेदन लेकर आए तथा समस्याओं का निराकरण संबंधित विभाग के अधिकारियों से कराएं। इस हेतु यह शिविर आयोजित किया गया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज जिले के जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत अमगवां में आयोजित जिला स्तरीय राजस्व कैंप एवं जन समस्या निवारण शिविर को संबोधित कर रहे थे।कलेक्टर ने शिविर में कहा कि शासकीय योजना का धरातल पर



क्रियान्वयन हो रहा है या नही, कही कोई कमियां हैं तो उन्हे चिन्हित कर निराकरण करना शिविर का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रभावी समीक्षा करेंगे तथा सुविधाएं व योजना का लाभ ग्रामीणों को उपलब्ध कराने के प्रयास करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामों की कमियों को चिन्हित करके रजिस्टर में दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की अपनी समस्याओं के संबंध में उनके अपने ही गांव में समाधान मिले, इसका प्रयास सुनिश्चित किया जाए। ऐसी समस्याओं का ग्राम में ही निराकरण करने पंचायत में स्थायी रजिस्टर संधारित होगा। जिसे वह स्वयं भी देखेंगे। उन्होंने पटवारियों को राजस्व के मामले का पंचायतवार रजिस्टर संधारित करने व दर्ज प्रकरणों का समुचित समाधान किए जाने के निर्देश दिए।

जनपद जैतहरी के ग्राम अमगवां में 6 नवम्बर को जिला स्तरीय शिविर कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने ग्राम पंचायत अमगवां सहित नगरीय निकाय जैतहरी तथा ग्राम पंचायत बैहार, गौरेला, पंगना, झाईताल, गोबरी, खोलाड़ी, सिवनी, लहरपुर, पचौहा, टकहुली, मौहरी, महुदा, क्योंटार के ग्रामीणों के आवेदन प्राप्त करते हुए समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के विभागीय अधिकारियों को दिए।

# तुलसी विवाह पर अमरकंटक में 11 हजार दीपों से जगमगाएगा रामघाट

**अनूपपुर, देशबन्धु।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में देव उठनी एकादशी / तुलसी विवाह पर अमरकंटक संत मंडल द्वारा प्रथम बार 11 हजार दीप देव दीपोत्सव पर्व नर्मदा के रामघाट के उत्तर/दक्षिण तट पर प्रज्ज्वलित कराया जायेंगा। जिसके मुख्य यजमान अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली होंगे।

अमरकंटक संत मंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत स्वामी रामभूषण दास जी ने बताया कि बुधवार को जिला मुख्यालय में कलेक्टर हर्षल पंचोली से भेंटकर शाल श्रीफल देकर आमंत्रित किया गया, जिसे पर उन्होंने स्वीकार करते हुए मुख्य यजमान बनने की स्वीकृति दी हैं। इस दौरा अमरकंटक संत मंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत रामभूषण दास जी महाराज के साथ उपाध्यक्ष स्वामी महेश चैतन्य जी



महाराज, सचिव स्वामी लवलीन महाराज जी, मृत्युंजय आश्रम से योगेश दुबे, राजेंद्रग्राम से बालमीक जायसवाल, अमरकंटक से श्रवण उपाध्याय शामिल रहें।

श्रीमहंत स्वामी रामभूषण दास जी ने बताया कि दीपावली पर्व बाद पड़ने वाली देव उठनी एकादशी / तुलसी विवाह 12 नवंबर को अमरकंटक संत मंडल ने भव्य देव दीपोत्सव पर्व मनाने का संकल्प लिया है। जिसकी रूप रेखा बना ली गई है। जिसमे अमरकंटक के सभी संत महात्मा, नागरिकगण, बाहर से आए तीर्थ यात्री, पर्यटक सम्मिलित होंगे।

स्वामी रामभूषण दास जी ने सभी जन मानस से अनुरोध किया गया है कि दीप प्रज्ज्वलन पर्व में सम्मिलित होकर मां नर्मदा का आशीष प्राप्त करें।

# फायर सेफ्टी के कारण बड़ी आगजनी से हुआ बचाव, आधी रात दुकान में लगी थी आग

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमाक 12 स्थित मां वैष्णो होटल में फायर सेफ्टी सिस्टम होने और इसका त्वरित प्रयोग करने से एक दुकान में लगी आग पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया। जिसके कारण एक बड़ा हादसा टल गया।



अनूपपुर रेलवे जंक्शन के दक्षिण दिशा में प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 की ओर मां वैष्णो होटल परिसर में संजय ठाकुर का जनरल स्टोर्स की दुकान संचालित है। बताया गया कि भाई दूज की रात लगभग 11 बजे दुकान से धुंआ और आग की लपट निकलते देखा गया। दुकान में आग लगने से हडकंप मच गया। होटल के मालिक आयुष श्रीवास्तव को फोन पर आगजनी की सूचना मिली तो उन्होंने होटल स्टाफ को होटल में लगे फायर सेफ्टी सिस्टम को तुरंत चालू करने और उससे आग बुझाने का प्रयास करने का निर्देश दिया ?। वे स्वयं मौके पर गये और फायर सेफ्टी सिस्टम से आग बुझाने की कोशिश की। लगी आग पर मां वैष्णो होटल में लगे फायर सेफ्टी सिस्टम से समय रहते काबू पा लिया गया। दुकान में नुकसान तो हुआ है लेकिन समय पर आग को और फैलने से रोक लिया गया।

# उपचार के लिए 30 हजार की आर्थिक सहायता

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के ग्राम पसला निवासी राजेश कुमार पटेल को उपचार हेतु मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 30 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

# मड़फा तालाब सामतपुर में छठी मैया का पूजन

**अनूपपुर, देशबन्धु।** छठ पूजा समिति द्वारा पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ छठ मैया का पूजन किए जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें नगर के एवं पूर्वांचल वासियों द्वारा 6 नवम्बर बुधवार को खरना के साथ सामतपुर मढ़फा तालाब पांडव कालीन शिव मारूति मंदिर में शाम चार बजे छठ मैया के पूजा का ध्वज वंदन के साथ शुभारंभ हुआ।

झंडा वंदना पं. सुभाष मिश्रा और बलराम मिश्रा द्वारा विधि विधान पूर्वक मंत्रों उच्चारण के साथ संपन्न हुआ। झंडा वंदन के समय समिति के संयोजक एडवोकेट अक्षयवट प्रसाद, लक्ष्मण राव, राजीव शुक्ला, पार्षद गणेश रौतेल, पार्षद प्रवीण सिंह, पार्षद अनिल पटेल, चैतन्य मिश्रा, शिवाशू रंजन बैठा, राहुल प्रसाद, प्रीतम सिंह, रवि तिवारी, ऑटो यूनियन के अध्यक्ष जवाहर साहू, रमाकांत साहनी, नगर पालिका से डीएन मिश्रा, शिव मारूति सेना के अध्यक्ष बृजेश सिंह राठौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे साथ राज्य आपदा प्रबंधन केन्द्र अनूपपुर के जिला कामान्डेट और उनकी टीम के सदस्य भी सुरक्षा व्यवस्था का जयजा जलेते हुए टीम को तैनात किया। 7 नवम्बर को सूर्यास्त के पूर्व प्रथम अर्ग तथा 8 नवम्बर को सूर्य उदय के साथ द्वितीय अर्ग द्वारा छठी मैया का पूजन कार्यक्रम किया जाएगा, जिसकी तैयारी हेतु पांडव कालीन सामतपुर अनूपपुर नगर के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल मड़फा तालाब मे पूजन हेतु घाट की सफाई के साथ छठी मैया के पूजन आसन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। समिति के संयोजक एडवोकेट अक्षयवट प्रसाद ने बताया की 8 नवम्बर को सूर्योदय के साथ पूजा की समाप्ति पर समस्त उपस्थित श्रद्धालु एवं व्रत धारी माता और बहनों को पारण हेतु व्यवस्था की गई है।


**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India** — चल संपत्तियों का विक्रय नोटिसः ई-नीलामी दिनांक- 25/11/2024

क्षेत्रीय कार्यालय– बुढ़ार रोड, शहडोल, मध्य प्रदेश

**दृष्टिबंधक अधिनियम के अधीन चल आस्तियों / वाहन के विक्रय हेतु ई– नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल संपत्ति/आस्तियों/वाहन जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है" एवं "दायित्व रहित" के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति–दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई– नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | संबंधित शाखा | ऋण खाता/ऋणी/प्रत्याभूति–दाता/ जमानतदार | मांग/ बकाया राशि | दृष्टिबंधक चल संपत्तियों का विवरण / कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य / अग्रिम धरोहर जमा राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामतपुर मोब.नं.– 82260 12870 | 1. श्री जगत सिंह धुर्वे पिता श्री जय सिंह धुर्वे पताः ग्राम बाघनीभँवर पोस्ट बिलासपुर, तहसील पुष्पराजगढ़, अनूपपुर (म.प्र.)– 484881 ऋण खातों का विवरण– 1. खाता क्र.– 3872978666 | रू. 11,10,538/- + ब्याज + विधिक व्यय | दृष्टिबंधक चल संपत्ति विवरण– ACE Tractor 550 Di Ng Tractor 1. वाहन पंजीकरण क्र.– MP65AA3999 2. मॉडल क्र. एवं निर्माण का वर्ष– ACE 550 Di Tractor वर्ष– 2020 3. इंजन क्र.- TRBK0010935 4. चेसिस क्र.– RBK550038255 भौतिक कब्जा | रू. 3,80,000/- / रू. 38,000/- / रू. 5,000/- |
| 2 | सामतपुर मोब.नं.– 82260 12870 | 1. श्री श्रीकांत मार्को पिता श्री एस.के. मार्को पताः वार्ड क्र. 13, अमरकंटक तिराहा, अनूपपुर (म.प्र.)– 484224 ऋण खातों का विवरण– 1. खाता क्र.– 3574544026 2. खाता क्र.– 3820809518 | रू. 12,09,880/- + ब्याज + विधिक व्यय | दृष्टिबंधक चल संपत्ति विवरण– TATA Motors LTD BUS 1. वाहन पंजीकरण क्र.– MP65P0183 2. मॉडल क्र. एवं निर्माण का वर्ष– TATA LP 712 EX, वर्ष– 2016 3. इंजन क्र.- 497TC92FTY822353 4. चेसिस क्र.– MAT453564G7F10008 भौतिक कब्जा | रू. 4,00,000/- / रू. 40,000/- / रू. 10,000/- |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गये प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbankofindia.co.in देखें या बैंक अनुबंधित सेवा प्रदाता PSB Alliance के वेबपोर्टल http://ebkray.in पर उपलब्ध लिंक देखें। नीलामी से अन्य संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नंबर 91-8291220220, क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल (ई मेल– recvshahro@centralbank.co.in) या प्राधिकृत अधिकारी श्री रामा कान्त मिश्रा (मोब.: 91-9693096247) से सभी कार्यदिवसों में कार्यावधि के दौरान संपर्क कर सकते हैं। शीर्षक दस्तावेजों/ दूसरे दस्तावेजों/ संपत्ति के निरीक्षण/ जानकारी हेतु : संबन्धित शाखा– सामतपुर (मो. 91-82260 12870) से बैंकिंग कार्यदिवसों में कार्यावधि के दौरान संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक बोलीकर्ता सम्पत्ति का निरीक्षण संबन्धित शाखा से संपर्क कर दिनांक 18/11/2024 से 19/11/2024 को कर सकते हैं। उपरोक्त सभी से संबन्धित ऋणियों / प्रत्याभूति–दाता/ जमानतदार को दृष्टिबंधक अधिनियम के तहत अधीन पंद्रह (15) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है। वाहन पर किसी भी प्रकार के देय/ बकाया कर (टैक्स) एवं अन्य देयताओं को वाहन क्रेता को अलग से चुकाना होगा। वाहन पर लगने वाले किसी भी प्रकार के कर (टैक्स) या अन्य देयताओं को चुकाने के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं रहेगा।

दिनांकः 07/11/2024, स्थानः शहडोल (म.प्र.) — कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी


# दैनिक राशिफल

गुरुवार 07 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र-ऊ.भा.।

**मेष** — आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ** — सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन** — आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। `क-

**कर्क** — व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह** — प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है।

**कन्या** — आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें।

**तुला** — नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा।

**वृश्चिक** — निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें।

**धनु** — आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

**मकर** — कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ** — आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन** — आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

म.